**C.B.S.E**

**विषय : हिन्दी 'अ'**

**कक्षा : 9**

**निर्धारित समय : 3 घंटे** **अधिकतम अंक : 80**

---

**सामान्य निर्देश:**

1) इस प्रश्न-पत्र के चार खंड हैं- क, ख, ग, और घ।
2) चारों खंडों के प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है।
3) यथासंभव प्रत्येक खंड के उत्तर क्रम से लिखिए।
4) एक अंक के प्रश्नों का उत्तर लगभग 15-20 शब्दों में लिखिए।
5) दो अंकों के प्रश्नों का उत्तर लगभग 30-40 शब्दों में लिखिए।
6) तीन अंकों के प्रश्नों का उत्तर लगभग 60-70 शब्दों में लिखिए।

**खंड – क**

**[अपठित अंश]**

प्र. 1. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए:

(2×4=8) (1×2=2) [10]

वाणी मनुष्य को ईश्वर की दी हुई एक बड़ी देन है। मनुष्य के जीवन में वाणी अर्थात् बोलचाल का विशेष महत्त्व होता है। किस समय पर क्या बोलना है, कितना बोलना है, इन सब बातों को ध्यान में रखना चाहिए। विषय से हटकर नहीं बोलना चाहिए। विशेष विचारों को विशेष शब्दों में व्यक्त करना चाहिए, ताकि सामने वाले व्यक्ति को उसका महत्त्व समझ में आ जाए। मनुष्य जितना संयमित होकर अपने विचार प्रकट करेगा उसके विचार उतने ही प्रभावकारी और अर्थपूर्ण होंगे। मनुष्य की अच्छाई-बुराई अथवा उसका आचरण उसकी वाणी से पहचाना जाता है। वाणी ही मस्तिष्क में उठने वाले विचारों तथा चिंतन को प्रकट करने का सशक्त साधन है। मनुष्य के सारे चिंतन शास्त्रों का आधार वाणी ही रही है। दर्शनों का भी यही प्रयास

रहा है कि विचारों को सही वाणी में पेश किया जाए। गंभीर चिंतन करने वाले अपने विचार प्रकट करने के लिए उपयुक्त वाणी की खोज में रहते हैं।
इस प्रकार मनुष्य के जीवन में सटीक वाणी ही उपयोगी और महत्वपूर्ण है।
इसीलिए बोलते समय सोच-समझकर, विचारकर के बोलना चाहिए।

1. ईश्वर ने मनुष्य को कौन-सी बड़ी देन दी है?
2. बोलते समय किस बात का ध्यान रखना चाहिए?
3. मनुष्य के विचार अर्थ-पूर्ण कब होगे?
4. मस्तिष्क में उठने वाले विचारों तथा चिंतन को प्रकट करने का सशक्त साधन क्या है?
5. विशेष विचारों को क्यों और किस प्रकार व्यक्त करना चाहिए?
6. उपर्युक्त गद्यांश को उचित शीर्षक दीजिए?

## खंड - ख

## [व्यावहारिक व्याकरण]

प्र. 2. क) निम्नलिखित शब्दों में उचित प्रत्यय पहचानिए: [1]

तिगुना, रस्सी

ख) निम्नलिखित शब्दों में उचित उपसर्ग पहचानिए: [1]

उपदिशा, निबंध

ग) निम्नलिखित शब्दों में मूल शब्द और उपसर्ग को अलग कीजिए: [1]

सहचर, सत्कर्म

घ) निम्नलिखित शब्दों में मूल शब्द और प्रत्यय को अलग कीजिए: [1]

ग्रामीण, बेलन

ड़) निम्नलिखित समस्त पदों का विग्रह करके समास का नाम लिखिए। [2]

- सुलोचना
- निस्संदेह

च) निम्नलिखित विग्रहों का समस्त पद बनाकर समास का नाम लिखिए।[2]

- बुरी आत्मा वाला; कोई दुष्ट
- नीली है जो गाय

छ) अर्थ के आधार पर निम्न के वाक्य भेद बताइए : [4]

1. तुम्हारी यात्रा सफल हो।
2. छि :, ऐसा घृणित कार्य तुमने किया है।
3. तुम कौन हो?
4. संभवत: वह आज आयेगा।

ज) निम्नलिखित पंक्तियों में प्रयुक्त अलंकार बताइए: [4]

1. तरणि के ही संग तरल तरंग में तरणि डूबी थी हमारी ताल में
2. कुटिल, कालबस, कालकवलु,
   करनी करहु, कहि कायर, बहुबसी
3. मधुप गुनगुनाकर कह जाता (मन रूपी भँवरा)
4. सिमटा हुआ संकोच है हवा की थिरकन का

## खंड - ग

## [पाठ्य पुस्तक और पूरक पुस्तक]

प्र. 3. निम्नलिखित गद्यांश पर आधारित प्रश्नों के लिए सही उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए: [3×2=6]

यहाँ तिब्बत में यात्रियों के लिए बहुत सी तकलीफें भी हैं और कुछ आराम की बातें भी। वहाँ जाति-पाँति, छुआछूत का सवाल ही नहीं है और न औरतें परदा ही करती हैं। बहुत निम्नश्रेणी के भिखमंगों को लोग चोरी के डर से घर के भीतर नहीं आने देते नहीं तो आप बिलकुल घर के भीतर चले जा सकते हैं। चाहे आप बिलकुल अपरिचित हों, तब भी घर की बहू या सासू को अपनी झोली में से चाय दे सकते हैं। वह आपके लिए उसे पका देगी। मक्खन और सोडा-नमक दे दीजिए, वह चाय चोडी में कूटकर उसे दूधवाली

चाय के रंग की बना के मिट्टी के टोटीदार बरतन (खोटी) में रख के आपको दे देगी। यदि बैठक की जगह चूल्हे से दूर है और आपको डर है कि सारा मक्खन आपकी चाय में नहीं पड़ेगा, तो आप खुद जाकर चोडी में चाय मथकर ला सकते हैं। चाय का रंग तैयार हो जाने पर फिर नमक-मक्खन डालने की जरुरत होती है।

क) उपर्युक्त गद्यांश में कहाँ की बात की जा रही है?

ख) उपर्युक्त गद्यांश में तिब्बत के बारे में क्या बताया गया है?

ग) चाय में नमक मक्खन कब डालने की जरुरत होती है?

प्र. 4. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं चार के उत्तर दीजिए। [2x4=8]

1. लारेंस की पत्नी फ्रीदा ने ऐसा क्यों कहा होगा की "मेरी छत पर बैठने वाली गौरैया लारेंस के बारे में ढेर सारी बातें जानती है?"
2. मैना की अंतिम इच्छा थी कि वह उस प्रासाद के ढेर पर बैठकर जी भरकर रो ले लेकिन पाषाण-हृदय वाले जनरल ने किस भय से उसकी इच्छा पूर्ण न होने दी?
3. नीचे दी गई पंक्तियों में निहित व्यंग्य को स्पष्ट कीजिए-
   जिसे तुम घृणित समझते हो, उसकी तरफ हाथ की नहीं, पाँव की अँगुली से इशारा करते हो?
4. लेखिका ने छात्रावास का परिवेश बहुभाषी किस प्रकार था?
5. ‘स्वतंत्रता सहज प्राप्त नहीं होती, उसके लिए संघर्ष करना पड़ता है, दो बैलों की कथा कहानी के आधार पर स्पष्ट कीजिए।

प्र. 5. निम्नलिखित काव्यांश पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए। [2×3=6]

मानसरोवर सुभर जल, हंसा केलि कराहिं ।
मुकताफल मुकता चुगै, अब उड़ि अनत न जाहिं।1।

काबा फिरि कासी भया, रामहिं भया रहीम।
मोट चून मैदा भया, बैठी कबीरा जीम।2।

हस्ती चढ़िए ज्ञान कौ, सहज दुलीचा डारि।
स्वान रूप संसार है, भूँकन दे झख मारि।3।

1. 'मानसरोवर' से कवि का क्या अभिप्राय है?
2. मनुष्य ईश्वर को कहाँ-कहाँ ढूँढता फिरता है?
3. तीसरे दोहे में कवि ने किस प्रकार के ज्ञान को महत्त्व दिया है?

प्र. 6. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं चार के उत्तर दीजिए। [2x4=8]

1. सखी ने गोपी से कृष्ण का कैसा रूप धारण करने का आग्रह किया था? वर्णन कीजिए।
2. कवि ने ऐसा क्यों कहा कि दक्षिण को लाँघ लेना संभव नहीं था?
3. बच्चों का काम पर जाना धरती के एक बड़े हादसे के समान क्यों है?
4. भाव स्पष्ट कीजिए- खा खाकर कुछ पाएगा नहीं, न खाकर बनेगा अंहकारी।
5. 'चन्द्र गहना लौटती बेर' कविता में चने के पौधे को ठिगना क्यों कहा गया है और वह किस प्रकार खड़ा है?

प्र. 7. निम्नलिखित प्रश्नों में से किसी एक प्रश्न का उत्तर दें। [3×2=6]

1. डराने-धमकाने, उपदेश देने या दबाव डालने की जगह सहजता से किसी को भी सही राह पर लाया जा सकता है- मेरे संग कि औरतें पाठ के आधार पर तर्क-सहित उत्तर दीजिए।

2. ‘रीढ़ की हड्डी’ पाठ के आधार पर उमा की माँ ‘प्रेमा’ समाज के किस वर्ग का प्रतिनिधित्व कर रही है और कैसे?

## खंड - घ

## [लेखन]

प्र. 8. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर दिए गए संकेत बिंदुओं के आधार पर 200 से 250 शब्दों में निबंध लिखिए। [10]

- बेरोज़गारी
- सत्संगति
- निरक्षरता एक अभिशाप

प्र. 9. निम्न विषयों में से किसी एक विषय पर पत्र लेखन करें। [5]

1. छोटी बहन नक़ल करते पकड़ी गई है, उसका दुष्परिणाम बताते हुए उसे पत्र लिखें।
2. आपके मोहल्ले में बिजली-आपूर्ति नियमित रुप से नहीं हो रही है बिजली-संस्थानक के अधिकारी को शिकायती पत्र लिखिए।

प्र. 10. निम्नलिखित किसी एक विषय पर 25-30 शब्दों में संवाद लेखन करें। [5]

1. विद्यार्थी और बस कंडक्टर के बीच हो रहे संवाद लिखिए।
2. दो सहेलियों के मध्य वार्तालाप पर संवाद लेखन लिखिए: